तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 22 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

16 डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल योग दिवस का किया आयोजन

14 योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो …


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### मुरुम का अवैध परिवहन हाईवा को किया जब्त

**साजा।** अवैध परिवहन को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। आज मुरम लेकर जा रहे हैं हाईवा को तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए थाने के सुपुर्द किया शहर में पहली बार हो रही कार्रवाई को लेकर माफियाओं में भय बन गया है। सड़कों पर अब रेत मुरूम की गाड़ियां कम नजर आ रही है लंबे समय से कार्रवाई की मांग चल रही थी इसके बाद प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया दो दिन के भीतर साजा तहसीलदार की बड़ी कार्रवाई की है।

### साजा की पुष्प वाटिका में किया गया योगाभ्यास

**साजा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11 वे वर्ष का थीम हरित योग,योग संगम के पवन उद्देश्य के साथ योग दिवस का कार्यक्रम नगर पंचायत साजा के पुष्प वाटीका में आयोजित किया गया । सुबह 7 बजे से योग प्रशिक्षक के द्वारा योग करवाया गया शिविर में अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि के साथ शहर वासियों ने हिस्सा लिया मुख्य रूप से साजा एसडीएम पिंकी मनहर तहसीलदार मानकर नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू रोहित ठाकुर विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू समिति अध्यक्ष पूरन साहू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह से योग किया योगाचार्य के रूप में विनय शर्मा ने योग के गुर बताए।

### खड़ी डंपर पर लगी आग

**भिलाई।** खड़ी डंपर के केबिन में अचानक आग लगने से सनसनी फैल गई। समय पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचते ही आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात विठ्ठलपुरम भिलाई 3 के सड़क के पास एक डंपर खड़ी थी। अचानक इसमें आग लग गई। सूचना पर भिलाई तीन पुलिस फायर ब्रिगेड टीम को कॉल कर सूचना दिया। तुरंत टीम पहुंची और डम्पर पर लगे आग को बुझाया।

## योगा

# खाद्यमंत्री बघेल के साथ सपरिवार तीन पीढ़ियों के लोगों ने किया योगाभ्यास

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सपरिवार योग करने वालों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम (कंतेली) में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजकार विकास बोर्ड प्रहलाद रजक, अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत हेमा दिवाकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत योग मुद्राएं और प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बालिकाओं को दर्शकों की ओर से भरपूर तालियां मिलीं ।

मंत्री दयालदास बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह मन को शांत रखने, सोच को सकारात्मक बनाने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने का प्राकृतिक तरीका है। योग भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। हमें इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी पढ़कर सुनाया। विधायक दीपेश साहू ने कहा योग से जुड़कर हम न केवल स्वयं को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि समाज में अनुशासन, आत्मनियंत्रण और सौहार्द की भावना का भी प्रसार करते हैं।






### योग से मिलता है निरोगी जीवन : विधायक साहू

विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि योग से तन और मन दोनों का विकास होता है। इसके नियमित अभ्यास से जीवन में स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। सभी लोगों को प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए जरूर निकालना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सुनील झा, व्याख्याता द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासु द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भागीदारी कर रहे सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन योग करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, स्वैच्छिक संगठन, योग संस्थान एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### मोदी के नेतृत्व में योग विश्व धरोहर बना



**बेमेतरा।** स्टेडियम में आयोजित योग दिवस पर ल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा ने कहा की योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा से उपजा अमूल्य योग है । आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग विश्व धरोहर बन चुका है। यह मात्र व्यायाम नहीं, तन, मन और आत्मा को जोड़ने वाला एक आध्यात्मिक विज्ञान है।योग, विकसित भारत के निर्माण में हमारी सांस्कृतिक और मानसिक शक्ति का आधार है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा की इस वैश्विक अभियान का हिस्सा बनना आत्मगौरव और भारत की प्रेरणा का क्षण है।योग से ही स्वस्थ भारत, संयमित समाज और संतुलित विश्व की दिशा सुनिश्चित है।आइए, मिलकर योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाए ।

### डीहपारा बासीन में योग दिवस मनाया



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में योग दिवस मनाया गया। करो योग रहो निरोग योग के विभिन्न लाभों को बताते हुए सीमा रानी देवांगन ने योगाभ्यास कराया। प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने उपस्थित समुदाय व शाला के बच्चों को योग क्या है योग क्यों करना चाहिए इससे फायदा क्या होगा। इस पर सविस्तार चर्चा कर बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय जीवन शैली है जो शरीर मन और आत्मा को एक साथ लाने का कार्य करती हैं योगाभ्यास से वजन कम होता है और प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बुधवारा के सरपंच गुलमीर मोहम्मद सहित पंचगण शिक्षिका सीमा रानी देवांगन रसोइया जमुना ठाकुर व तीरीथ बाई शाला के बच्चे उपस्थित रहे।

### लालपुर स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ के समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने योग से परिचय, योग से लाभ को बताते कहा कि योग को हम अपने जीवन में उतारे। योग को आत्मसात करें जिससे मन की शांति, तनाव से मुक्ति, शरीर की थकान, रोग मुक्त शरीर, वजन पर काबू कैसे कर सके, योग आसान कपालभांति, भ्रामरी, तितली आसान, भुजंगासान को करके बताया गया। शिक्षक मोतीराम पात्रे ने शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा, सांस लेने की तकनीक और व्यवहार को जोड़ने के चरण को बताया। प्रधानपाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने योग पर चर्चा करते हुए व्यक्ति के शरीर, मन, भावना और ऊर्जा के स्तर पर काम करता है कि बात रखी गई। संकुल समन्वयक सतीश कुर्रे, ने कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग, क्रियायोग, पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कौड़ियि सरपंच दुर्गा साहू, उपसरपंच मनीष गोयल, जलेश्वर डाहिरे, प्रधान पाठक रामायण मन्हरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुमार कुर्रे, शिक्षक मोतीराम पात्रे, घनश्याम साहू, शांत कुमार पटेल उपस्थित रहे।

## कृषि कालेज ढोलिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को /"अंतरराष्ट्रीय योग दिवस/" उत्साहपूर्वक मनाया गया। /"हर घर योग, हर दिन योग/" की भावना को साकार करते हुए महाविद्यालय परिसर में अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम से प्रभारी शशि दीदी द्वारा ध्यान सत्र से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को आत्मिक शांति एवं मानसिक स्थिरता हेतु ध्यान की विधियां सिखाईं। उनके साथ आए भाई मणिकदास ने भी योगाभ्यास में सक्रिय भागीदारी निभाई और सभी का उत्साहवर्धन किया। पतंजलि योग समिति की प्रशिक्षिका नीलिमा साहू ने योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने अपने संबोधन में कहा कि /"आज की भागदौड़ भरी और तनावग्रस्त जीवनशैली में योग ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जो तन, मन और आत्मा को संतुलन प्रदान करता है। योग को केवल सार्वजनिक आयोजनों तक सीमित न रखकर, इसे प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या में शामिल किया जाना चाहिए। जब तक योग हर घर और हर दिल तक नहीं पहुंचेगा, तब तक इसका पूर्ण लाभ समाज को नहीं मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत किया गया, जिसकी प्रभारी डॉ. साक्षी बजाज रहीं। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित होकर योगाभ्यास में सम्मिलित हुए और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

## जिला न्यायालय बेमेतरा में योग शिविर का किया गया आयोजन

### नालसा के निर्देशानुसार थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ के दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला न्यायालय बेमेतरा में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं पदेन अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश शास्त्री द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण को यह संदेश दिया गया कि योग, मन और तन को सेहत मंद रखने में पूरी तरह सहायक होता है, योग हमारी कमियों पर प्रकाश डालता है, खामियां दूर करने का रास्ता तलाशता है। योग का मतलब है जोड़ना, खुद में ऊर्जा को समाहित करना, शरीर मन और आत्मा को खूबसुरत बनाना। यदि शरीर और मन स्वस्थ्य नहीं है, तो मनुष्य को किसी भी लक्ष्य तक पहुंचाना संभव है। योग वह प्रकाश है जो एक बार जला दिये जाए, तो कभी कम नहीं होता। जितना अच्छा आप प्रयास करेंगे लौ उतना ही उज्वल होगा, योग आराम और शांति महसुस करने का एक अच्छा तरीका है। इस अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योग शिक्षक श्री नरेश तिवारी द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण, प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल समस्त स्टाफ उपस्थित हुए। साथ ही योग सत्र कार्यक्रम के अवसर पर निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में प्राधिकरण व लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में योग दिवस पर विधिक जागरूकता सत्र का आयोजन कर इन्टरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्नीकल कमीशन सामग्री की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर जिला जेल बेमेतरा में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण एवं अधिकार मित्र द्वारा योग विधिक जागरूकता सत्र का आयोजन कर जेल बंदियों को योग के लाभ एवं महत्व के बारे में बताया गया।

योग के पश्चात कानूनी जागरूक्ता सत्र आयोजित कर नालसा योजनाओं, कानूनी सहायता सेवाओं और नालसा हेल्पलाइन 15100 का प्रचार प्रसार किया गया। उक्त अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति साजा के व्यवहार न्यायालय में योग दिवस का आयोजन किया गया, जहां अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही वृद्धाश्रम बेमेतरा में अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के योग कर योग के लाभ एवं महत्व की जानकारी वृद्धाश्रम में उपस्थित लोगो को दी गई। साथ ही लीगल एड क्लीनिक कुसमी प्रतापपुर में अधिकार मित्र के द्वारा योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन कर विधिक जागरूक्ता प्रचार एवं प्रसार कर कानूनी जानकारी दी गई।



## खबर संक्षेप

### पुलिस टीम ने अनाधिकृत प्रवासियों की जांच की

**साजा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के मार्गदर्शन से पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला के सहायता से टीम गठित कर थाना प्रभारी थाना साजा उप निरीक्षक राकेश साहू, प्रधान आरक्षक पवन राजपूत, गौरी शंकर शर्मा चंद्रशेखर राजपूत आरक्षक दीनदयाल डहरिया व जिला मुख्यालय से प्राप्त बल की सहायता से जिले के अंतर्गत अवैध व अनधिकृत प्रवासियों प्रवासी की जांच हेतु टीम गठित कर नगर पंचायत साजा के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक अवैध एवं अनाधिकृत प्रवासी एवं किरायेदारों की चेकिंग किया गय।

### प्रभारी महापौर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**दुर्ग।** निगम प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता आरके जैन के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन 21 जून को योग प्रदर्शन का कार्यक्रम खालसा स्कूल जल परिसर स्थित में होगा। प्रभारी महापौर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तैयारी के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभ के संबंध में जागरूकता लाने के लिए योग दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन खालसा स्कूल सहित शहर क्षेत्र में योग प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### शिक्षक का तबादला रोकने बच्चों ने सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** पाटन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पंहडोर के स्कूली बच्चों ने शुक्रवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होने भौतिक के शिक्षक संतोष कुमार का स्थानांतरण नही करने की मांग की है। दर्जनों से अधिक संख्या में पहुंचे बच्चों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से स्कूल में भौतिक शिक्षक का पद रिक्त हो गया है। ऐसे में उन्हें आगामी दिनों परीक्षा में रिजल्ट खराब होने की चिंता सता रही है। इस दौरान सरिता, जागृति ठाकुर, नंदनी, गितिका, डाली, रूचि और कोमल सहित अन्य छात्राएं उपस्थित थे। इससे पहले मचांदुर में भी बच्चों ने शिक्षको की कमी बताकर चार दिनों तक प्रदर्शन किया था।

### एथेनॉल प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**दुर्ग।** ज़िले के ग्राम खपरी के सैकड़ों ग्रामीण आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और गांव में प्रस्तावित एथेनॉल प्लांट लगाए जाने के विरोध में अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस उद्योग के लगने से उन्हें कई तरह के नुकसान होंगे, खासकर खेती-किसानी पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मांग की कि इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए। आपको बता दे कि, ग्राम खपरी में करीब 2,000 से 2,500 लोग निवास करते हैं और अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं। गांव के सरपंच ने बताया कि हाल ही में उद्योग विभाग की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें गांव में एथेनॉल प्लांट लगाने की योजना की जानकारी दी गई है। इसी के विरोध में आज ग्रामवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपना आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने एसडीएम थॉमस से भी मुलाकात की है। एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि, उनकी बातों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। ग्रामीण महिला कुसुम ने कहा कि पहले से ही गांव में एक उद्योग केडिया कंपनी चल रहा है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है। कंपनी से निकलने वाला दूषित पानी खेतों में फैल रहा है, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है। अब यदि दूसरा उद्योग शुरू होता है, तो स्थिति और भी खराब हो जाएगी। एक महिला ग्रामीण ने कहा कि पहले से ही कंपनी का असर बच्चों की सेहत और किसानों की ज़मीन पर दिख रहा है।

## निधन

### सनत दत्त दुबे



**नवागढ़।** नवागढ़ निवासी पं. सनत दत्त दुबे पिता स्व. पं. विष्णु दत्त दुबे का निधन शनिवार को रायपुर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार बेमेतरा मुक्तिधाम में किया गया।

### आयोजन : डीएवी स्कूल जांता के 700 बच्चों ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर किया योगध्यान

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में योग दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/ दाढ़ी



क्षेत्र का एक मात्र सीबीएसई स्कूल डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत जांता के सरपंच पूजा देवव्रत मिश्रा, उपसरपंच नरोत्तम निर्मलकर, योग प्रशिक्षक व डॉ.रामकुमार निर्मलकर ,जगनू निर्मलकर,राजेंद्र चंद्राकर ,दलीचंद चंद्राकर और प्राचार्य पी. एल. जायसवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पी एल जायसवाल ने कहा कि हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिए थे, तब से हम योग दिवस को मनाते आ रहे जिसके परिणामस्वरूप आज पूरे विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम /"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग/" संदेश पर छात्र-छात्राओं को योग से होने वाले लाभों से अवगत कराया गया और हम किस प्रकार से अपने स्वास्थ्य को योग से मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करते है ,जो मानसिक सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यही वजह है कि लोग इसे लगातार अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। योग करने से केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक तौर पर भी अनेक प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हो रहे हैं। योग की इसी अहमियत को देखते हुए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस मनाया जाता है। यह दिन खासतौर पर योग से होने वाले कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। योग एक प्राचीन अभ्यास है। इसने अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के लिए दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की है। समाजसेवी डॉ रामकुमार निर्मलकर व योग शिक्षक अकलेश पटेल के मार्गदर्शन में विभिन्न योगाभ्यास स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया जिसमें सूर्य नमस्कार,ताड़ासन, वृक्षासन,पादहस्तासन,अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन,भद्रासन,वज्रासन, भुजंगासन एवम अर्धउष्ट्रासन, अनुलोम विलोम, कपालभार्ती, जैसे अनेकों योगाभ्यास किया गया।

इस अवसर पर सेमरिया उपसरपंच रूपेश कुमार साहू, जगनू निर्मलकर,राजेंद्र चंद्राकर ,दलीचंद चंद्राकर, संस्था प्राचार्य पी. एल. जायसवाल, ललित देवांगन, गोविंद साहू, आयुषी जैन, विमल साहू, ऐश्वर्य देशमुख, साक्षी शर्मा, संदीप कुमार साहू, ममता चंद्राकर,अमित कुमार साहू, पूनम शर्मा, रेणुका पटेल, रितिक साहू, राजा तंतुवाय,लेखनी चंद्राकर, सुखदेव साहू, रूखमणी, रामेश्वरी, युवराज चंद्राकर, नरेश, विजय चंद्राकर सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाए।



## कन्या शाला देवकर शाला में मनाया गया योग दिवस

**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर विकासखंड साजा में आज योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूम धाम से मनाया योग दिवस मनाया गया। आज शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया बच्चों शिक्षक एवं समाज से नागरिकों ने साथ योग किया अनुलोम विलोम, ताड़ासन, तितली आसन, सूर्य नमस्कार, वृक्ष आसन, व्रज आसन, भ्रस्तीका प्राणायाम आदि कराया गया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों को नियमित योग हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया की खेल भी एक प्रकार का योग है, हंसना भी योगा है इसे नियमित अपने जीवन में शामिल करे। वर्तमान में योग के महत्व और वातावरणीय बदलाव से हो रहे बदलाव और स्वास्थ्यगत समस्याओं को देखते हुए शासन द्वारा योग शिक्षा को कक्षा तीसरी के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। हर साल 21 जून को पूरी दुनियाँ अंतराष्ट्रीय योग दिवस को एक बड़े उत्सव और उत्साह के साथ मनाती है। यह दिन भारत के हजारों साल पुराने योग अभ्यास को याद करने और इसे दुनियां भर में फैलाने का एक खास अवसर है। योग भारत की प्राचीन परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। बच्चों और बड़े बहुत आनंद से भाग लेते है साथ ही समाज से आए नागरिकों ने बच्चों और शाला परिवार को योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर गिरिजा पटेल, वीणा रावटे, पुरुषोत्तम निषाद, संतोष राजपूत व रमौतीन साहू उपस्थित थे।

- योग को हम अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाये : गिरिजा पटेल

## गुरुकुल स्कूल में योग दिवस पर किया शानदार आयोजन

**नवागढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सुकुलपारा स्थित द गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रूपेंद्र सिन्हा, गंगा निषाद, रेशमी देवांगन एवं मालती यादव ने बच्चों को अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी, ओम उच्चारण जैसे योग अभ्यास कराए। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सभी योग क्रियाओं में भाग लिया। इस दौरान विद्यालय संचालक राजेश धर दीवान ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जब व्यक्ति रोगों से घिर जाता है, तब योग की ओर रुख करता है, लेकिन यदि छात्र अभी से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, तो जीवन भर स्वस्थ, स्फूर्तिवान और एकाग्रचित्त बने रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग से न केवल तन और मन स्वस्थ रहता है, बल्कि जीवन में उमंग, उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। योग से एकाग्रता बढ़ती है, जिससे विद्यार्थियों की अध्ययन क्षमता में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन नियमित रूप से योग करेंगे और एक स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

## राखी स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला राखी में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें नीलम देवांगन और प्रतीक्षा दुबे के द्वारा योगाभ्यास की विस्तृत जानकारी देते हुए योग कराया गया। जिसमें प्रधान पाठिका गायत्री जोगी, दीपा मृचंडे शिक्षिकाओं सरोज साहू, देवलता साहू, किरण कुंजाम, बच्चों ग्राम सरपंच भीष्म साहू, पंच तिहारूराम साहू, कोटवार जीवन दास मानिकपुरी, सचिव हिंछा राम, टहलराम, राकेश टंडन, भगवती यादव, मंगलू जांगड़े, जितेंद्र भारती सुरेश साहू रामेश्वरी, बिंदु, तुलेश्वरी, राजिम, सोनाली, ललिता, सुकू, दुलारी, दूरपति, सावित्री, रामेश्वरी, पार्वती बबली मानिकपुरी, लता मानिकपुरी, गायत्री मानिकपुरी, सुरेखा साहू, लीला मानिकपुरी आदि ग्रामवासी उपस्थित थे। सभी ने योग के लाभ को समझते हुए नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी के द्वारा आभार व्यक्ति किया गया।

**कामयाब गीत के गायन से हुआ उत्साहवर्धन और सभी ने योगाभ्यास का लिया आनंद**

# आत्मानंद विद्यालय के प्रवेशोत्सव में गणवेश व पाठ्य पुस्तकों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय साजा में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू ,नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, नगर पंचायत साजा उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा लाल शौर्यजीत सिंह, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिसरु राम साहू, पार्षद गण श्रीमती जमुना जायसवाल, कमल राजपूत, आशीष वर्मा, सांसद प्रतिनिधि बिजेंद्र चतुर्वेदी, प्रदेश किसान युवा मोर्चा सदस्य मूलचंद शर्मा ,विद्यालय प्राचार्य मनीष कुमार वर्मा एवं सभी अन्य अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर तथा हार पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया एवं पुस्तक तथा गणवेश वितरीत किया गया।

**स्कूल की गतिविधियों की जानकारी दी गई**

कार्यक्रम में प्राचार्य के द्वारा स्वागत भाषण में स्कूल की गतिविधियों, उपलब्धियों और प्रवेशोत्सव के उद्देश्य को बताते हुए आत्मानंद विद्यालय के निर्माणाधीन भवन को जल्द पूरा कराने तथा शिक्षक की कमी को पूरा कराने का निवेदन किया गया। विधायक ने अपने उदबोधन में बच्चो को अपने साथ सुर मिलाते हुए हम होगें कामयाब गीत का गायन कराते हुए उत्साहवर्धन किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय की भवन आदि सभी समस्याओं को शीघ्र पूर्ण करने का भरोसा दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों को उत्साहित करते हुए बताया कि वो भी इसी स्कूल के हिंदी मीडियम के विद्यार्थी रहे है और आज एक जनप्रतिनिधि के रूप में हैं, उन्होंने बच्चों को कहा कि हम केवल नौकरी के लिए पढ़ाई न करे बल्कि और भी कार्य, व्यवसाय,उद्योग आदि करते हुए अच्छा इंसान बने। नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सिंह ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि पढ़ने के साथ साथ अच्छा और खूब खाएं भी ताकि सेहत अच्छा रहे और स्कूल प्रबंधन की किसी भी आवश्यकता की पूर्ति हेतु सदैव उपलब्ध रहने का भरोसा दिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष साहू ने बच्चों को अपना आशीष देते हुए विद्यालय के लिए सदैव समर्पित रहने का भरोसा दिया। मुलचंद शर्मा ने आश्वस्त किया कि विधायक महोदय के प्रतिनिधित्व में साजा नगर में तेजी से विकास कार्य होंगे और साथ ही बच्चों को आशीष प्रदान किया गया। पार्षद कमल राजपूत ने बच्चों को उत्साहित करते हुए पढ़ाई के साथ साथ खेल के महत्व को समझाया और खेल में भी कैरियर निर्माण की सलाह दी तथा खेल सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु आश्वस्त किये। अंत में व्याख्याता अजय शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विकास सुमित भंडारी तथा श्रीमती गायत्री केवट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, साजा नगर से गणमान्य लक्ष्मीकांत वर्मा, किशन सागरवंशी,नारद देवांगन तथा स्टाफ से रविन्द्र बंजारे, गौरव शर्मा, श्रीमती साधना राजपूत,श्रीमती पूजा तिवारी आशीष चंदेल, हितेश ठाकुर,श्रीमती चू नि

### गुधेली शाला में पुस्तक व गणवेश का किया वितरण



**बेरला/भिंभौरी।** प्राथमिक शाला गुधेली में शुक्रवार को नव प्रवेशी बच्चों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत गुधेली सरपंच सीमा निषाद, उपसरपंच लीलेश (पंकज) वर्मा, पूर्व सरपंच रूखमणी ठाकुर सहित शासकीय प्राथमिक शाला गुधेली के सभी शिक्षक उपस्थित थे। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश वितरण किया गया।साथ ही शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रतिभावान छात्र जिन्होंने कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है उन्हें शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा पांचवी के छात्र रोनित ठाकुर जिनका चयन एकलव्य आदिवासी विद्यालय राजनांदगांव में हुआ है। उनका सम्मान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार समिति के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

# नांदघाट में सरोज पांडेय का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सरोज पांडेय के नवागढ़ विधानसभा से गुजरने के दौरान नांदघाट में उनका भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाजसेवियों की भी उत्साही भागीदारी रही। अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान सरोज पांडेय ने नांदघाट के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र हर दृष्टि से समृद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वह नवागढ़ क्षेत्र का विस्तृत प्रवास करेंगी और कार्यकर्ताओं के घर जाकर भोजन भी करेंगी। उनके इस आत्मीय वक्तव्य से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। गणमान्य कार्यकर्ता रहे शामिल इस अवसर पर भाजपा और समाजसेवा से जुड़े कई प्रमुख चेहरे उपस्थित रहे, जिनमें नरेन्द्र शर्मा, प्रदीप शुक्ला, गुरमुख भार्गव, निशिकांत तिवारी, कृष्णा ठाकुर, सुजीत शर्मा, लक्ष्मी वर्मा, श्याम वैष्णव, मुजीब खान, शांतिलाल वर्मा, नीलकंठ पाल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## नगपुरा में नेवता भोजन खिलाकर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**नवागढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला नगपुरा में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाप्रति पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर गांव के जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों के शैक्षणिक प्रोत्साहन के साथ सांस्कृतिक सौहार्द्र भी देखने को मिला।

सबसे पहले, पिछले शैक्षणिक सत्र में कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का सरपंच सीता बाई ध्रुव द्वारा गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और गणवेश भी वितरित किए गए। सरपंच ने बच्चों की नियमित उपस्थिति और घर पर पढ़ाई करने पर विशेष जोर देते हुए सबसे अधिक उपस्थिति देने वाले विद्यार्थी को 501 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर विशेष भोजन (नेवता) के रूप में बच्चों को खीर, पूड़ी और लड्डू का वितरण भी किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सीता बाई ध्रुव (सरपंच),आरपी साहू, प्रधानपाठक लोकेन्द्र कुमार गुप्ता, ज्योति गुम्बर, श्रीराम साहू, श्यामनरेश वैष्णव, डॉ. ललित गुप्ता, बिसाहू राम ध्रुव, उमेश साहू, सनत गुप्ता, पुसाइया बाई ध्रुव, नन्दकुमार केशरवानी, चारुचंद्र सिंह चौहान, रोशनी ध्रुव, भारती साहू, अरुण कुमार, राजश्री केशरवानी, रूखमणी साहू, सहोदरा साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### नवागढ़ में संविधान बचाओ रैली

# संविधान की रक्षा को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर और जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के निर्देशन में शुक्रवार को नवागढ़ विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत राजीव गांधी चौक से हुई और समापन मिनी माता बस स्टैंड में हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने किया। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि आज जब देश में संविधान की मूल भावना पर बार-बार आघात हो रहा है, तब हमें एकजुट होकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभानी होगी। संविधान केवल एक किताब नहीं, बल्कि हमारे अधिकारों, सम्मान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। कांग्रेस पार्टी इसके संरक्षण के लिए हर मंच पर संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष रामेश्वर साहू, सुशील कुमार साहू, रामबिहारी राजपूत, नंद कुमार साहू, विजय बघेल, झम्मन बघेल, गुरभेज सिंह गुम्बर, सुरेंद्र तिवारी, बंसी सिंह ठाकुर, जावेद खान पिंटू, खेमन टंडन, अनंत, तोप सिंह साहू, लव कुमार राजपूत, हेमंत साहू, यवन डिण्डोरे, सतीश मार्कण्डेय, ताराचंद भास्कर, मोहन सिंह, परमेश्वर मिरी, बेलारानी सोनी, नरेश कुर्रे, अंजोर दास, महेश कुर्रे, भंजन बंजारे, शनि साहू, पूनम साहू, मनीष परिहार, भोजराज कुर्रे, रामावतार निषाद, नेपाल दास, केशो राम, रतन दिवाकर, अमित जैन, कुलदीप बघेल, राकेश खूंटे, लकी साहू, प्रमोद साहू, कमलेश ध्रुव, रामनिहोरा सेन, सतीश चतुर्वेदी, रामबिहारी साहू, लोचन साहू, राजेंद्र वर्मा, भागीरथी यादव, हर्ष बघेल, परमेश्वर पात्रे, साहेब दास साहू, भुरवा साहू, पवन सांडे, धर्मदास कुर्रे, रमाकांत दुलार और सिंह वर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411